प्रेस नोट

जनपद सोनभद्र

दिनांक-09.08.2025

थाना दुद्धी, थाना म्योरपुर, थाना विण्ढमगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त गुड्डू उर्फ जाहिद को किया गिरफ्तार-

दुद्धी निवासी शंभू खरवार की गला रेतकर हत्या करने वाले एवं 25,000 रुपये के इनामिया था अभियुक्त गुड्डू उर्फ जाहिद -

अवगत कराना है कि दिनांक 07.08.2025 को समय लगभग 15:30 बजे थाना दुद्धी पर आवेदिका सोनी कुमारी पुत्री शंभू खरवार निवासिनी ग्राम भिसुर, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र (हाल पता – अमवार पुनर्वास कॉलोनी, थाना दुद्धी) द्वारा सूचना दी गई कि उसके पिता शंभू खरवार पुत्र लखपत उम्र लगभग 42 वर्ष को गुड्डू उर्फ जाहिद पुत्र नजीर निवासी ग्राम खजूरी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र द्वारा गांव बाघाडू में भीसुर मार्ग से 200 मीटर की दूरी पर सिधवा डामर के समीप समय लगभग 13.30 बजे एकांत स्थान पर बुलाकर धारदार हथियार (चाकू) से गले पर प्रहार करके घायल कर मौके से फरार हो गया। प्राप्त सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा घायल शंभू खरवार को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी दुद्धी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों द्वारा हालत गंभीर बताकर घायल को जिला अस्पताल रॉबर्ट्सगंज हेतु रेफर किया गया । इलाज के दौरान शंभू खरवार की मृत्यु हो गयी । प्रकरण के सम्बन्ध में थाना दुद्धी पर मु0अ0सं0-222/2025 धारा 103(1) बीएनएस व 3(2)V एससी/एसटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । उक्त घटना के सम्बन्ध में श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा फरार चल रहे गुड्डू उर्फ जाहिद की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु तत्काल पुलिस टीमों का गठन कर 25,000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस की गठित 03 टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी ।

आज दिनांक 09.08.2025 समय करीब 05.45 बजे थाना दुद्धी पर मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि हत्या कर फरार चल रहे अभियुक्त गुड्डू मिस्त्री उर्फ जाहिद कनहर नदी की घाटी में ग्राम जावर क्षेत्र में छिपा हुआ है जिस पर गठित टीम मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी कर अभियुक्त की तलाश करते हुए कनहर नदी पुल के पास शंकर जी के मंदिर के पीछे पुरानी रोड पर एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा और पुलिस ने टीम उसका पीछा किया तो उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर असलहे से फायर किया गया जिसपर पुलिस की टीम ने आत्मरक्षार्थ की जवाबी कार्यवाही में उक्त व्यक्ति के बाएं पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया । पूछताछ करने पर घायल ने अपना नाम गुड्डू मिस्त्री उर्फ जाहिद पुत्र नजीर निवासी ग्राम खजूरी थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र बताया । घायल अभियुक्त गुड्डू उर्फ जाहिद को ईलाज हेतु सीएचसी दुद्धी लाया गया। जहाँ वह ईलाजरत है । अभियुक्त गुड्डू मिस्त्री उर्फ जाहिद के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व

01 जिंदा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति एवं कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1.गुड्डू उर्फ जाहिद पुत्र नजीर निवासी ग्राम खजूरी, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 41 वर्ष।

बरामदगी का विवरण

01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस।

पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह थाना दुद्धी मय पुलिस टीम।
2.प्रभारी निरीक्षक श्री शेषनाथ पाल, थाना विण्ढमगंज, मय पुलिस टीम।
3.थानाध्यक्ष श्री कमल नयन दूबे, थाना म्योरपुर, मय पुलिस टीम।